Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding alleged shoddy construction of National Highways in Nagaur Parliamentary Constituency, Rajasthan.-laid

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का मेरे संसदीय क्षेत्र नागौर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में बरती जा रही कोताही तथा गुणवत्तापूर्वक कार्य नहीं होने से उत्पन्न स्थिति की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए यह अवगत करवाना चाहता हूं कि अजमेर-नागौर राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य कई जगहों पर किया जा रहा है जो मापदण्डों के अनुसार सही नहीं है एवं डीबीएम कम मोटाई में बिछाया जा रहा है तथा कार्य भी धीमी गति से चल रहा है साथ ही बीकानेर-नागौर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीकानेर-नागौर के भाग का निर्माण किया गया उसकी गुणवत्ता भी सही प्रतीत नहीं हो रही है साथ ही नागौर जिला मुख्यालय में नागौर शहर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग 58 के बाईपास निर्माण में भी कौताही बरती गई और उक्त सड़क के निर्माण में 10 मीटर चौड़े बाईपास का सीसी पेवमेन्ट का कार्य किया गया जो तुरन्त क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण यातायात का आवागमन भी सुगमता से नहीं हो रहा है, चूंकि नागौर शहर के बाहर रिंग रोड़ की गुणवत्ता सही नहीं होने से सड़क का निर्माण होते ही सड़क का क्षतिग्रस्त हो जाना तथा उपरोक्त वर्णित राजमार्गों के निर्माण में कोताही बरतना व निम्न किस्म की सामग्री निर्माण में उपयोग में लेना व मापदंड़ों के विपरीत कार्य होते जाना अत्यंत खेदजनक है । राजकोष के करोड़ों रूपये राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में व्यय होने के बावजूद उनका सकारात्मक परिणाम नहीं आना सरकार की मंशा व राष्ट्रीय राजमार्ग की नीति के विरुद्ध हे और इसके लिए अभियन्ताओं के साथ निर्माण करने वाली सरकारी एजेंसियां भी जिम्मेदार हैं ।

अतः उक्त सड़कों की केन्द्र के स्तर से टीम भेजकर जांच करवाना तथा निर्माण में कौताही बरतने वाले अभियन्तओं व निर्माण करने वाली कार्यकारी

एजेंसियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए आर्थिक रूप से भी दंडित किया जाये ताकि राजकोष का दुरूपयोग रूक सके व राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण गुण्वत्तापूर्ण हो सके ।

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, ये सदन चर्चा के लिए है। सरकार की ओर से आपको चर्चा के लिए कहा गया है। आपके जो भी इश्यूज़ हैं, आप सदन में चर्चा कीजिए । सदन की गरिमा बनाए रखने का यह कोई तरीका नहीं है।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही आज दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

12.13 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.02 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Two Minutes past Fourteen of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

... (व्यवधान)

14.02½ hrs

At this stage, Shri Hibi Eden and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

... (व्यवधान)

14.03 hrs